हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024



# तीन विस को साधने दस किमी के दायरे में योगी-प्रियंका की सभा

## 21 अप्रैल को दोनों नेताओं की सभा, 24 अप्रैल को थम जाएगा प्रचार का शोरगुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर जारी प्रचार अभियान में अब कांग्रेस के साथ ही भाजपा भी अपने दिग्गज नेताओं को उतारने की तैयारी में है। आगामी 21 अप्रैल को जहां कांग्रेस प्रत्याशी के लिए प्रचार करने प्रियंका गांधी वाड्रा राजनांदगांव लोकसभा के दौरे में रहने वाली है, वहीं इसी दिन भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार करने के लिए युपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी एक सभा को संबोधित करने के लिए राजनांदगांव आ रहें है।

खासबात यह है कि इन दोनों ही नेताओं का दौरा एक ही विधानसभा के दो अलग-अलग स्थानों में होने वाला है। इन दोनों ही नेताओं की कोशिश डोंगरगांव के साथ ही खुज्जी और मोहला-मानपुर क्षेत्र की जनता को साधा जाए। कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लिए प्रचार करने आ रही प्रियंका गाधी का कार्यक्रम स्थल तय कर वहा तैयार भी शुरु कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भी मंगलवार को सथल का दौरा कर तैयारियों को परखा है। वहीं भाजपा भी सभा को लेकर तय किए गए स्थ्ल में अपनी तैयारियां करा रही है। दोनों ही दल वनांचन के अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने कार्यक्रम से जोड़ने की कोशिश में लगी हुई है। बताया गया कि इसके बाद भी प्रचार के अंतिम दिन किसी राष्ट्रीय नेता का दौरा बन सकता है।

### 20 हजार लोगों को जुटाने की कोशिश में भाजपा

भाजपा सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 21 अप्रैल को डोंगरगांव विस के कुमरदा में आयोजित होने वाली सभा में 20 हजार से अधिक लोगों को जुटाने की प्लानिंग पर तैयारियां शुरु कर दी गई है। बताया गया कि करीब पांच विधानसभा के कार्यकर्ता सहित आमजन को सभा स्थल तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।



**इसलिए वनांचल को साधना जरूरी :** जिन इलाकों में प्रियंका गांधी वाड्रा और योगी आदित्यनाथ की सभा आयोजित की जा रही है, उससे लगे हुए इलाके में बड़ी संख्या में आदिवासी वोटर है। इन मतदाताओ को साधने के लिए ही दोनों दल यहा सभा करा रहें है। दरअसल खुज्जी और मोहला-मानपुर क्षेत्र से भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में पिछड़ गई थी, इसलिए इस बार स्थिती सुधारने बड़े नेताओं का दौरा कराया जा रहा है। वहीं कांग्रेस अपने गढ़ को बचाने के लिए मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने बड़े नेताओं का सहारा लेगी।

---

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से बेच रहा था शराब, पुलिस ने पकड़ा



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत बागनदी पुलिस ने एक आरोपी से महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब संत्री 48 पौवा बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे अवैध नशीले पदार्थ के विरूद्ध अभियान के तहत 17 अप्रैल को ग्राम सीतागोटा गैस गोदाम के पास आरोपी द्वारा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संतरी अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर पुलिस स्टाफ ने रेड कार्रवाई किया।

**बैग में रखा था शराब**

मौके पर पुलिस ने आरोपी लोकचंद चौधरी उर्फ ललिया के कब्जे से एक काले रंग के बैग में रखे 48 पौवा देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित शराब कीमती 3360 रुपए एवं बिक्री रकम 140 रुपए जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है।

### आयुर्वेद चिकित्सा का मेगा शिविर 20 से

**राजनांदगांव।** बीते कुछ महीनों में जिस तरह राजनांदगांव-रायपुर में मेगा शिविरों के माध्यम से लगभग 1000 लोगों को लाभ हुआ और हो रहा है। लोगों के इस आयुर्वेद के प्रति उनके लगाव और विश्वास को देखते हुए केरल एडवांस आयुर्वेद चिकित्सा का आगे और भी विस्तार कर सकें, इसलिए इस बार 20, 21 और 22 अप्रैल को दुर्ग (हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, सिटी बस स्टैंड) में मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हड्डी व नस से संबंधित रोग जैसे साइटिका, स्लिप डिस्क, नस दबना, घुटना घिसना व अन्य बीमारियों का इलाज पूर्णतः केरल एडवांस आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज किया जा सके।

### माए एंगल




---

## बीज के दाम बढ़ने से बढ़ेगी महंगाई, किसानों की लागत में आएगी बढ़ोत्तरी

# धान और दलहन के बीज में महंगाई की मार, 30 प्रतिशत तक बढ़ गए दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा इस बार किसानों को बड़ा झटका दिया है। निगम ने धान और दलहन से लेकर तिल के बीच में छह सौ रुपए से लेकर साढ़े चार हजार रुपए की बढ़ोत्तरी कर किसानों को चिंता में डाल दिया है। ऐसे में किसानों की खेती की लागत फिर महंगी हो जाएगी।

आगामी खरीफ सीजन में किसानों को अब बीज की खरीदी करनी महंगी होगी। ऐसी उम्मीद थी कि चुनाव के चलते बीज के दाम नहीं बढ़ेंगे। बीज के दाम बढ़ाने से किसानों ने चिंता व्यक्त की है। बहरहाल अभी डीएपी, पोटाश जैसे अन्य खाद के दाम जारी नहीं हुए हैं। बीज के बाद खाद के दाम को लेकर किसान चितिंत हैं। निगम द्वारा धान पतला सुगंधित बीज की कीमत में प्रति क्विंटल 1100 रुपए की वृद्धि करते 3400 से बढ़ाकर 4500 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। वहीं धान पतला 3000 रुपए से बढ़कर 3900 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। धान मोटा बीज की कीमत में प्रति क्विंटल 600 रुपए की वृद्धि की गई है। गत वर्ष यह 2800 रुपए था, जिसे बढ़ाकर 3400 रुपए कर दिया गया है।



### बाहरी राज्यों से आपूर्ति

बीज निगम द्वारा खरीफ फसल को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। सभी प्रकार की फसलों के बीज उपलब्ध कराने की दिशा में लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों से भी बीज की खरीदी कर यहां किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### कुछ बीज के दाम घटे भी

कोदो बीज की कीमत में प्रति क्विंटल 1200 रुपए की वृद्धि कर 7200 रुपए किया गया है। इसी प्रकार मूंग 10100 से बढ़कर 11200 एवं रामतिल 11050 से 13000 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। केंचा एवं सनई बीज की कीमत में क्रमशः 2100 एवं 3200 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। सोयाबीन भी 8100 से बढ़कर 8200 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। कुल्थी बीज की कीमत प्रति क्विंटल 7600 रुपए निर्धारित किया गया है।

### कुटकी एवं रागी कीमत में राहत

नई दरों के अनुसार मात्र कुटकी एवं रागी बीज की कीमत में कमी की गई है। कुटकी 6000 से घटकर प्रति क्विंटल 4700 रुपए हो गया है। वहीं रागी बीज 4600 से घटकर प्रति क्विंटल 3400 रुपए में मिलेगा। इसी प्रकार मूंगफली 9500 से बढ़कर प्रति क्विंटल 11900 रुपए कर दिया गया है अर्थात प्रति क्विंटल 2400 रुपए की वृद्धि हो गई है। वहीं उड़द की कीमत में 2250 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। गत वर्ष इसकी कीमत 10250 रुपए था, जो बढ़कर 12500 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

### ऐसे समझे बढ़े बीज के दाम

जानकारी अनुसार धान मोटा वर्ष 2023 में 2800 था, जो बढ़कर 3400 रुपए, धान पतला तीन हजार से 39 सौ रुपए, धान पतला सुगंधित 34 सौ से बढ़कर साढे चार हजार रुपए, कोदो छह हजार से 72 सौ रुपए, कुटकी छह हजार 47 सौ रुपए, उड़द 10250 से 12500 रुपए, मूंग 10100 से 11200 रुपए, सोयाबीन 8100 से 8200 रुपए क्विंटल, मूंगफली साढे नौ हजार से 11900 रुपए, तिल 14700 से 19300 रुपए और रामतिल 11050 से 13000 रुपए हो गया है।

---

### छोटे बेठिया में हुई थी मुठभेड़

# मुठभेड़ में मोहला दलम का कमांडर विनोद ढ़ेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

**आरकेबी डिवीजन के नक्सलियों के मारे जाने की हो रही शिनाख्ती**

कांकेर जिले के छोटे बेठिया इलाके के अबूझमाड़ स्थित कलपर के पहाड़ी में सुरक्षाबलों के हाथों मारे गए 29 नक्सलियों में से मोहला दलम कमांडर विनोद गावड़े मोहला औंधी संयुक्त एलओएस कमांडर, रीता सलामे मदनवाड़ एलओएस, राकेश और हेड़मे भी शामिल है। मोहला-मानपुर से पहुंची पुलिस के जवानों ने विनोद की शिनाख्ती कर ली है। विनोद गावड़े मोहला दलम का कमांडर रहा है। वहीं राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन में काम कर चुके एक कुख्यात नक्सली दिवाकर गावड़े के भी मारे जाने की खबर है।

राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक झा ने बताया कि मोहला-मानपुर क्षेत्र में सक्रिय कुछ नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने की खबर मिली है। जिसकी पहचान की जा रही है। इधर विनोद गावड़े के मारे जाने की खबर से एमएमसी जिले की पुलिस काफी उत्साहित है। उसकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी। दलम कमांडर के तौर पर विनोद ने न सिर्फ एमएमसी जिले में, बल्कि सीमावर्ती गढ़चिरौली जिले में भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि उस पर 16 लाख रुपए का ईनाम है। आरकेबी डिवीजन में सालों पहले रहे दिवाकर गावड़े के भी मारे जाने की अपुष्ट खबर है। वह माड़ में सक्रिय होकर नक्सली गतिविधियों को संचालित कर रहा था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने शंकर राव, ललिता मरावी, विनोद गावड़े और दिवाकर गावड़े की शिनाख्ती कर ली है। अन्य की पुलिस सूचना जुटा रही है।

**नक्सलियों को तगड़ा झटका**

सूत्रों का कहना है कि हार्डकोर नक्सली शंकर राव टीसीओसी सप्ताह, तेन्दूपत्ता तोड़ाई और एक ग्रामीण की हत्या से जुड़े एजेंडे को लेकर बैठक करने पहुंचा था। इससे पहले जवानों को भनक लग गई। इस बड़े नक्सल आपरेशन में कांकेर पुलिस के 167 जवान, बीएसएफ के 20 और अतिरिक्त फोर्स के 30 जवान शामिल थे। मोहला क्षेत्र के नक्सलियों के मारे जाने की खबर से नक्सलियों को जोरदार झटका लगा है।

---

# जसगीतों के साथ जंवारा विसर्जन

## मंदिरों में कन्या भोज, जगह-जगह भंडारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत आज नवमी पर देवी मंदिरों में रखे गए जोत जंवारा का शोभायात्रा निकालकर श्रद्धा भक्ति के साथ विसर्जन किया गया। जसगीतों के बीच निकली इस शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की भी उपस्थिति रही। माता के जयकारों की गूंज बनी रही। ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर्व पर अंचल के देवी मंदिरों में शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना की गई। वहीं घरों में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र पर मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई थी। अष्टमी हवन के पश्चात कन्याओं को भोजन एवं ज्योत जंवारा विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। शहर के कई स्थानों पर नवरात्र पर्व पर रखे गए जोत-जंवारा का विसर्जन करने के लिए जसगीतों की गूंज के बीच शोभायात्रा निकाली गई। देवी मां के अस्त्र-शस्त्र के साथ निकली यह शोभायात्रा तालाब पहुंची, जहां श्रद्धा भक्ति के साथ जंवारा विसर्जन करने भक्त जुटे रहे। शहर के मां शीतला मंदिर परिसर बूढासागर घाट में सुबह से लेकर देर शाम तक जसगीतों की गूंज रही एवं जंवारा विसर्जन करने बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते रहे।





**भंडारे में किया प्रसादी ग्रहण :** नवमी पर्व के अवसर पर कई स्थानों एवं मंदिर समितियों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर भंडारे में महाप्रसादी ग्रहण किए। नवरात्र के दौरान पूरे नौ दिन श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। इधर घरों में भी सुबह से देर शाम तक कन्याओं को भोज कराने लोग जुटे रहे और आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने नौ दिनों का व्रत भी रखा था, जिसे कन्याओं को भोज कराने के पश्चात पूर्ण किया गया।

---

# खेत में सजा था जुआ का फड़, सात पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेत में बोरा बिछाकर जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां 7 आरोपियों को पकड़कर नगदी रकम, ताशपत्ती एवं बोर की फट्टी बरामद की गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव क्षेत्र मे चोरी, लूट, अवैध शराब बिक्री जैसे संवेदनशील मामलों पर नजर रखी जा रही है। 16 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस ने मुखबीर सूचना पर मटिया खार ग्राम मटिया में जुआ के फड़ पर अचानक पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर 7 जुआरियों को रंगे हाथों धर दबोचा एवं जुआरियान आरोपी के पास से व जुआ के फड़ से कुल नगदी 5520 रुपए एवं 52 पत्ती ताश व सफेद रंग के प्लास्टिक की एक बोरी को जब्त किया गया।



पुलिस ने आरोपी हरीराम पटेल 25 साल, रोशन निषाद 35 साल, डोमन पटेल 30 साल, परसराम 35 साल, त्रिलोचन निषाद 30 साल, भीम पटेल 35 साल, दीपक कुमार 37 साल के खिलाफ अपराध धारा- छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम वर्ष 2022 की धारा- 3(2) के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई की एवं विवेचना में लिया।




---

## श्रद्धा-भक्ति का माहौल, विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

# घर-मंदिरों में मना श्रीराम का जन्मोत्सव, जयकारे का उद्घोष, आज हिन्दू संगठन निकालेगा शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम नवमी पर्व पर श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। घर एवं मंदिरों में लोगों ने भगवान श्रीराम जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पर्व के तहत कल गुरुवार को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की व्यापक तैयारियां की गई है।

श्रीराम नवमी पर्व पर अंचल में भक्ति का माहौल रहा। घर-घर एवं मंदिरों में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव मनाने की पूर्व से ही तैयारियां कर ली गई थी। आज घर एवं मंदिरों में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान आरती, पूजा एवं जयकारों की गूंज रही। शहर के श्रीराम मंदिर मिलचाल, श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक, महामाई मंदिर, बाला बावा मंदिर सोनारपारा, बालाजी मंदिर पुराना गंज सहित अन्य मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की भी उपस्थिति रही।



### मिल चाल से निकाली शोभायात्रा

शहर के मिल चाल स्थित श्रीराम मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना पश्चात् भगवान श्रीराम दरबार की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्गों से निकली इस शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

### झांकी के साथ शोभायात्रा

पर्व के तहत कल गुरुवार को शहर के दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर महावीर चौक के पास से दोपहर तीन बजे से भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है। हिन्दू संगठनों द्वारा निकाले जाने वाले इस शोभायात्रा में भगवार श्रीराम दरबार, चलित झांकी, आदिवासी नृत्य, बैंड, डीजे, भजन मंडली, अखाड़ा इत्यादी का भी प्रदर्शन किया जाएगा। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा वापस महावीर दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### कन्या भोज का आयोजन

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के कोषाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने महानवमी के अवसर पर अपने निवास में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया। विष्णु लोधी ने शक्ति स्वरूपा कन्याओं को भोजन कराकर खुशहाली की कामना किया।

### कोर कमेटी की बैठक



**डोंगरगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल कोर ग्रुप की बैठक ग्राम अछोली में ली गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत, प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, रमेश पटेल, सुरेंदर सिंग बन्नोआना, सुनील जैन, रवि अग्रवाल ,जैनकुमार मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रमुख लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने दी।

### चाय पर चर्चा




**डोंगरगढ़।** शहर युवा मोर्चा ने गत दिनों ऊपर मंदिर जाने वाले मार्ग पर मोदी स्टाल लगाकर लोगों से चाय पर चर्चा किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से चर्चा की।

### भक्तों की लंबी कतार

**मुरमुंदा।** नवरात्र के दौरान बम्लेश्वरी माता के दर्शन करने पहुंचने वाले भक्तों की लंबी कतार देखा गया है। लोग दर्शन करने अलग-अलग साधनों से पहुंचे। सुबह से देर रात तक मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। ऊपर मंदिर के नजारे को ड्रोन कैमरे से आदित्य मिश्रा, जमीद भोयर ने कैद किया।

### ज्योति कलश के दर्शन



**डोंगरगढ़।** नवरात्रि के अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने मुकुंद कंडरा के निवास में स्थापित ज्योति कलश का दर्शन किया। इस दौरान रामकृष्ण कनौजिया, नागेश कंडरा और विजय भगत उपस्थित थे।

### ढारा हा. सेकंडरी स्कूल का परिणाम घोषित

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक



शाला ढारा में कक्षा 9 वी एवं 11 वीं की परीक्षा के परिणाम गत दिनों घोषित किए गए। कक्षा 9 वी का परीणाम 72.22 एवं ग्यारवी के कला व वाणिज्य संकाय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय का परिणाम 85 प्रतिशत रहा। कक्षा 9 वीं की छात्रा वैष्णवी वैष्णव ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। ग्यारहवीं कला संकाय में देविका ने 76.02 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय की मीनाक्षी वर्मा पिता रोहित वर्मा ने 89.2 प्रतिशत एवं विज्ञान संकाय के छात्र सुधीर जंघेल पिता मोतीराम जंघेल ने 92 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। परिणाम की घोषणा प्रभारी प्राचार्य अपर्णा जांभुलकर ने किया।

### अष्टमी को देवी मंदिरों में विधि-विधान से हुआ हवन-पूजन

# सेवा भजन के साथ ज्योति जंवारा का विसर्जन, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

9 दिन तक चले मां शारदेय नवरात्रि की नवमीं को सभी देवी मंदिरों के अलावा घरों में स्थापित ज्योत जंवारा के विसर्जन की प्रक्रिया शुरू की गई। नवरात्र के समापन के साथ रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र के सभी राम मंदिरों में अखंड रामायण पाठ एवं हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ। प्रातः लोगो ने माता जी की विधिवत पूजा अर्चना कर कन्याओं को भोज कराया। ज्योति विसर्जन के पूर्व मां बम्लेश्वरी दरबार के मुख्य बैगाओ एवं विद्वान पंड़ितो ने प्राचीन मंदिरों के साथ काल भैरव, छिनमस्ता माता, मुख्य गौरा-चैरा एवं प्रमुख सिद्धीपीठ में जाकर पूजा अर्चना कर ज्योति विसर्जन की अनुमति ली। नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में विधिवत मानव श्रृंखला में निकलने वाली मनोकामना ज्योति कलश विसर्जन यात्रा को लेकर तैयारी शुरू किया गया। नीचे मंदिर में सप्तसती पाठ के समापन के साथ ही बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की उपस्थिति में ट्रस्टी नवनीत तिवारी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, अजय ठाकुर ने चंडीयज्ञ में ज्योति स्थापना कर विश्व शांति की कामना की। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों ने भगवान राम की पूजा कर शहर में शोभायात्रा निकाला। आंध्र समाज ने केदारबाड़ी स्थित राम मंदिर में अभिषेक के बाद भंडारे का आयोजन





#### करीब 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे

नवरात्रि पर्व के दौरान करीब 10 लाख दर्शनाथी इस आयोजन में सहभागी बने। रेल मार्ग से लगभग 2 लाख, पदयात्री 2 लाख एवं 6 लाख पदयात्री सड़क मार्ग से आए। ट्रस्ट समिति के अनुसार उपर मंदिर रोपवे से लगभग 50 लाख दर्शनार्थियों ने दर्शन किया।

## श्रद्धा के साथ ज्योत जंवारा का नदियों में विसर्जन



**गंडई पंडरिया।** नगर के देवी मंदिरों में अष्टमी को हवन पूजन किया गया। बुधवार को ज्योत ज्वारा का विसर्जन विधि विधान के साथ नजदीकी नदियों में किया गया। माँ गंगई मंदिर में स्थापित 783 ज्योति कलश का विसर्जन देर शाम किया गया। ज्योति कलश को मां गंगई मंदिर प्रांगण से रपटा नदी तक ले जाया गया। इस दौरान पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। ज्योति कलश के विसर्जन को देखने बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। इसी प्रकार शीतला मंदिरों में स्थापित जंवारा का विसर्जन सुबह किया गया। इसी प्रकार विभिन्न घरों में स्थापित जोत का भी विसर्जन किया गया। पंडरिया वार्ड 3 निवासी अवधेश यादव के घर पर स्थापित जंवारा का विसर्जन हटरी के पास वाली नदी में किया गया। देवपुरा के मनोहर साहू एवं बलदाऊ साहू के घरों में स्थापित जंवारा का विसर्जन ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

## विसर्जन यात्रा में सेवा गीतों की गूंज



**घुमका।** अष्टमी हवन क्रे बाद ज्योति जंवारा का विसर्जन तालाब में किया गया। घुमका के 8 घरों में कुलदेवी को प्रसन्न करने ज्योति कलश की स्थापना कर जंवारा बोया गया था। बुधवार को एक साथ शीतला तालाब में ज्योति जंवारा का विसर्जन बाजे गाजे और सेवा भजन के साथ किया गया। शीतला तालाब में स्थापित 28 ज्योति कलश का विसर्जन भी किया गया। शीतला मंदिर देवीरीडीह के 13 ज्योति कलश को मंदिर में शांत किया गया।छोटे टेमरी में विसर्जन के बाद राम जानकी मंदिर में राम जन्म उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण पूजा का आयोजन किया गया। पुरोहित दीपक महाराज दामोदा वाले ने पूजा कराया। यजमान राम जानकी मंदिर समिति के अध्यक्ष गिरधर विश्वकर्मा, सरपंच लोकेश्वरी ओमप्रकाश साहू, रामचंद्र साहू, परमानंद पटेल, नारायण पटेल, सोनू पटेल, हेमनाथ यादव, धनउ साहू, जागेश्वर साहू थे।

# गांवों में बढ़ी लोस चुनाव की हलचल





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जोशीलमती में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने जोन स्तरीय बैठक लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री आवास, पेयजल योजना को ठप्प कर दिया था।

कांग्रेस राज में विकास कही दिखाई नहीं दिया, जिससे अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जवाब देने समय आ गया है। मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोन प्रभारी, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष प्रभावी ढ़ग से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। बैठक में रविन्द्र वैष्णव, जगजीत सिंह भाटिया, जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, आलोक मिश्रा, मालती ऊइके, मनीषा त्रिपाठी, हनीफ कुरैशी, सुकृत साहू आदि मौजूद थे।

चिरचारी सेक्टर के विभिन्न ग्रामो में नुक्कड़ सभा लेकर पूर्व विधायक छन्नी चन्दू साहू ने लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में प्रचार किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अंतिम गांव के अंतिम व्यक्ति तक पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाएं पहुंची है। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो योजनाओं के लाभ से वंचित हो। श्रीमती साहू ने कहा कि भाजपा जुमला बाज पार्टी है जबकि कांग्रेस काम करके दिखाती है। इस मौके पर जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, एकनाथ सिन्हा, विजय साहू, शकील कुरेशी, कमलेश यादव, धनेंद्र कोठारी, अलखराम, होमेश्वर कंवर, एवन कंवर, शत्रुघ्न यादव सहित अन्य शामिल हुए।

#### कांग्रेसजनों ने लिया जीत का संकल्प

**तुमड़ीबोड़।** कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जीत सुनिश्चित करने कांग्रेस के वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं ने ली महती जिम्मेदारी लिया है। चुनाव को लेकर गत दिनों आयोजित बैठक में पाटन के राकेश ठाकुर, विधानसभा प्रभारी मेहुल मारु, पूर्व जिपं सदस्य गुलाब वर्मा, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, खेलूदास साहू, भुवाल साहू, भूपेंद्र सोनवानी, जगदीश पटेल, हेमंत साहू, पुरुषोत्तम वर्मा, सोनू राम साहू, दयाराम साहू, चीतेश साहू, आकाश जैन आदि शामिल हुए।

#### घोषणा पत्र का वितरण

**डोंगरगांव।** कसडोल विधायक शकुनतला साहू ने गत दिनों ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम बरसनटोला, अमलीडीह एवं रामपुर में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने ग्रामवासियों की बैठक लेकर घोषणा पत्र एवं पर्ची बाँटकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस अवसर पर संध्या साहू, दीप्ति वैष्णव, श्रुति शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता, नगर साहू संघ की पूर्व अध्यक्ष इन्दु साहू, चेतनदास साहू, गणेश राम साहू, रोशन साहू, दुष्यंत नेताम, मदन नेताम, तुलेश सोनकर, शिवराम सोनकर, नीलकंठ सोनकर, गोपाल साहू, सोनुराम पटेल, मंगलूराम साहू, चेतन साहू आदि मौजूद थे।





# प्रियंका गांधी की जनसभा डोंगरगांव में 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आगामी 21 अप्रैल को नगर के प्रवास पर आ रही है। वह कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में सभा को संबोधित करेंगी। करीब 21 साल बाद गांधी परिवार का सदस्य क्षेत्र के दौरे पर आ रहा है जिसे लेकर कांग्रेस जनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वर्तमान चुनाव में यह पहली सभा है जिसमें राष्ट्रीय स्तर का नेता शामिल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि आसन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाया है जिनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडे से है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की लगातार जीत को देखते हुए भाजपा यहां बढ़त बनाने का भरपूर प्रयास कर रही है वहीं कांग्रेसजन अपनी साख को कायम रखने की कोशिश में लगे हैं। उल्लेखनीय है कि इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा दो आम और एक उपचुनाव में ही जीत हासिल कर सकी है। 2013 से यह सीट कांग्रेस के कब्जे में है। नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में भारी कश्मकस के बाद भी कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू जीत की हेट्रिक बनाने में कामयाब रहे है।

#### सोनिया भी आ चुकी

21 साल पहले 8 मार्च 2003 को तत्कालीन महिला एवं बाल विकास मंत्री गीतादेवी सिंह ने शहर में प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया था। इस सम्मेलन में कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी, राज्य के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने शिरकत किया था। श्रीमती गांधी ने करीब एक लाख से अधिक महिलाओं को संबोधित करने के साथ खुज्जी पुल, कांग्रेस भवन, महिला भवन, इंदिरा प्रियदर्शनी सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण भी किया था।

#### गांधी परिवार से रिश्ता

यूं क्षेत्र से गांधी परिवार से कभी सीधा रिश्ता नहीं रहा है किन्तु यहां के जनप्रतिनिधियों से उनसे जुड़ाव जरूर रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद शिवेन्द्र बहादुर सिंह दून स्कूल में पढ़ाई के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के करीबी मित्र रहे हैं। वहीं पूर्व मंत्री श्रीमती सिंह की पैठ 10 जनपथ तक सीधे रही है। शहर के प्रवास पर प्रियंका गांधी पहली बार जरूर रही है किन्तु उनकी मां सोनिया गांधी पहले ही आ चुकी है। प्रियंका की सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बुधवार को प्रस्तावित सभा स्थल का जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, जिला अध्यक्ष भागवत साहू,आलोक चंद्राकर, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, वीरेंद्र बोरकर, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, रामछत्री चंद्रवंशी, संजय मुटकुरे, रवि शुक्ला, मोहन अय्यर, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, शेषनाथ सहित अन्य उपस्थित थे।

## भूपेश बघेल आज करेंगे जनसंपर्क

**सड़क अतरिया।** कांग्रेस उमीदवार भूपेश बघेल कल गुरुवार को



छुईखदान ब्लाक का दौरा कर विभिन्न गांव में जनसंपर्क करेंगे। श्री बघेल वनांचल एवं मैदानी इलाके के करीब डेढ़ दर्जन भर गांव में पहुंच कर मतदाताओं से मिलेंगे। श्री बघेल सुबह 11 बजे ग्राम बीरुटोला से जनसंपर्क अभियान शुरु करेंगे। इसके बाद वह देवरच्चा, कुम्हरवाड़ा, बकरकट्टा, चोभर, रामपुर, आमगांव, खादी, भांजी डोंगरी, देवपुरा, मोहगांव, पहाड़ी मानपुर, पैलीमेटा, ठाकुर टोला, जीराटोला, संड़ी, पंडरिया के बाद शाम 7 बजे सड़क अतरिया तथा ग्राम साखा में जनसंपर्क करेंगे।

## जय भीम से गूंजी धर्मनगरी, रैली में उमड़ा जनसैलाब



**डोंगरगढ।** संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार एवं नागसेन बुद्ध विहार युथ के तत्वावधान में बड़ी रैली बुद्ध विहार से निकाली गई। रैली छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित नृत्य के साथ अनुशासित तरीके से निकली। रैली बुद्ध विहार से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, गोल बाजार, रेल्वे चौक होते हुए वापस बुद्ध विहार पहुंची। रैली में 10 डीजे शामिल थे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी किया गया। जयस्तंभ चौक पर शहर के अलग-अलग वार्डो से निकलने वाली रैली शामिल हो गई जिससे रैली ने करीब 2 किमी लम्बी रैली रूप धारण कर लिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंबेडकर जयंती के मौके पर बौद्ध समाज के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर व्यक्ति नहीं एक विचार है। जो बाबा साहब को पढ़ता है वही उन्हे समझ सकता है। इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, धीरज मेश्राम, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर एस मगे सहित अन्य उपस्थित थे।

#### बग्गी पर सवार बाबा की प्रतिमा

बौद्ध धर्म के गुरुओं के लिए बग्गी मंगाया गया था जिसमे अष्टधातु से बनी गौतम बुद्ध व बाबा साहब की प्रतिमा रखी गई थी। विभिन्न जगहों पर कोल्ड फायर एवं फूलों की वर्षा किया गया। झांकी में महाड़ का सत्याग्रह, चवदार तालाब सत्याग्रह, महाड का मुक्ति संग्राम, आंबेडकर की अगुवाई में रायगढ़ जिले के महाड में दलितों को सार्वजनिक तालाब से पानी पीने और इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाने के लिए सत्याग्रह किया गया था का प्रदर्शन किया गया।

### उल्लास के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती

# रैली में जमकर थिरके मांदर नर्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी



बौद्ध समाज एवं सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर भवन छुरिया में भारतरत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर की 133 वीं जयंती मांदर नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रैली निकालकर मनाया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांताध्यक्ष अरविंद नेताम थे। अध्यक्षता समाज सेवी मधुलिका रामटेके ने किया। विशेष अतिथि अकबरराम कोर्राम, गौतम साहू, उदय नेताम, कन्हैयालाल खोब्रागढ़े, पूनम जामूर्या, एसपी टेमरे, जसवंत घावड़े एवं गौतम काण्डे थे। कार्यक्रम के आरंभ में गौतम बुद्ध एवं डॉ. अम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। स्वागत के बाद मुख्य अतिथि श्री नेताम ने कहा कि जो हालात देश में निर्मित हो रहे हैं उसे देखते हुए बाबा साहब को फिर से जन्म लेना चाहिए। बाबा साहब ने देश को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया है लेकिन उसे लागू अच्छे से नहीं किया गया। श्री नेताम ने लोगों से संविधान के प्रति सतर्क एवं वफादार रहने का आव्हान किया। अध्यक्षता कर रही मधुलिका रामटेके ने कहा कि सभी महिलाओं को भारतीय संविधान का अध्ययन करना चाहिए। संविधान हर नागरिक को समता एवं स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। सभा को अकबर राम कोर्राम, गौतम साहू, उदय नेताम, कन्हैया लाल खोब्रागढ़े एवं पूनम जामूर्या ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण एसपी टेमरे, संचालन सालिक कौचे, दिनेश कुरेटी तथा आभार प्रदर्शन पवन चन्द्रवंशी ने किया।

#### रैली में रंगारंग प्रस्तुति

जय सेवा मांदर नृत्य दल कटेंगाटोला ने नयनभिराम प्रस्तुति के साथ रैली निकाल नगर भ्रमण किया। बच्चों ने डॉ. अंबेडकर पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर उसे बचाने की शपथ लिया गया। इस अवसर पर जनक चौधरी, टीकाराम, बीरसिंग, मनीराम सहारे, उद्वल सहारे, अनिल बाघमारे, भूपेन्द्र सोरी, देशराम कोर्राम, उदेसिंह कोमरे, नंदकुमार गोंड़िया, राजेश नेताम, विनोद कुंजाम, वासुदेव चन्द्रवंशी, युवराज नेताम, लेखराम चन्द्रवंशी, मनभावन उइके, राहुल नेताम, कृष्णकुमार काण्डे, नारायण नांदेश्वर, फूलसिंह तारम, नंदकुमार, कौशिल्या सहारे, धर्मिनबाई, मनराखन सिंह, भूषण लाल, धर्मिन बाई, गीता बाघमारे, संगीता वाल्दे, नंदनी बाघमारे, चन्द्रिका कमलेश्वर आदि उपस्थित थे।

## महतारी वंदन कार्यक्रम आज

**सड़क अतरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता कल गुरुवार को विभिन्न शक्ति केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महतारी वंदन योजना का प्रचार करेंगी। कार्यक्रम में योजना की जानकारी देकर वंचित महिलाओं को इससे जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। गुरुवार को इस कार्यक्रम में महिला भाजपा मंड़ल की किरण गुप्ता उदयपुर, राजलक्ष्मी पंसारी छुईखदान, ज्योति जंघेल बुंदेली, गीता टांडेकर बाईकटोरी, शैव्या वैष्णव नर्मदा तथा जयंती जंघेल गाड़ाडीह में महिलाओं को योजना की जानकारी देंगी।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### भाजपा प्रत्याशी संतोष आज नांदगांव विस में



**राजनांदगांव।** भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर भाजपा के कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। श्री पांडे कल 18 अप्रैल को अपने जनसंपर्क अभियान को लेकर राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक स्थानों में प्रवास पर रहेंगे तथा जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ सुबह 9 बजे राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण मंडल के डिलापहरी से करेंगे।


भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल सुबह 9 बजे अपने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत डिलापहरी में ग्रामीणजनों से मुलाकात करने के पश्चात पारींकला, सोमनी, इंदावानी, कोपेडीह, बिरेझर पहुंचेंगे एवं जनसम्पर्क कर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, फिर वे शाम 5 बजे राजनांदगांव उत्तर मंडल के पेंड्री व शांतिनगर में आयोजित चुनावी सभा लेंगे। तत्पश्चात शाम 7 बजे दक्षिण मंडल के बसंतपुर एवं किल्लापारा में सघन जनसम्पर्क करते सभा को संबोधित करेंगे। वे रात्रि विश्राम राजनांदगांव में करेंगे।

### द्रौपती और भूषण ने मारी बाजी

**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में मंगलवार को कक्षा 9 वीं एवं 11 वी के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9वी में 55.28 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान पर द्रौपती पाल 86.8 प्रतिशत, द्वितीय भूमिका पटेल 82.6 प्रतिशत, तृतीय कोमल पटेल ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार से कक्षा 11वीं कला संकाय में 70.8 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में 95.23 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय में 79.16 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 11वीं में प्रथम भूषण देवांगन 84.02 प्रतिशत, द्वितीय योगेश जांगड़े 83.2 प्रतिशत तथा तृतीय राजनंदनी धुर्वे ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर मुकेश जंघेल, प्राचार्य खेमराज सिन्हा मौजूद थे। इस दौरान परीक्षा प्रभारी हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिवकुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेदकुमारी पाली, सरिता शर्मा, शोभना बोपचे, पी सिन्हा, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, ताकेसेश्वर , रंजिता राजपुत, बिसनाथ एवं पालक उपस्थित थे।




### महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव आज से



**राजनांदगांव।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यक्रम सकल जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में कल 18 से 21 अप्रैल के मध्य धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रथम दिवस 18 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरूआत वीर संदेश यात्रा श्री वर्धमान श्री संघ के साथ सुबह 6 बजे से होगी। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच वीर प्रसादम एवं शरबत वितरण का कार्यक्रम श्री जिनशासन सेवा समिति एवं श्री तेरापंथ युवा परिषद के सानिध्य में संपन्न होगा। तत्पश्चात प्रभु वीर से संबंधित रंगोली/पेंटिंग प्रतियोगिता एवं फायर लेस कुकिंग कॉम्पीटिशन दोपहर 2 से 5 के मध्य रखी गई है। साथ ही वीर को जाना-वीर को समझा शीर्षक के अंतर्गत डुएट कविता कॉम्पीटिशन भी विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों के मध्य जैन बगीचा में रखी गई है। उसके बाद श्री सुधर्म युवा संघ के मार्गदर्शन में शाम 4 बजे अभिलाषा मूकबधिर शाला में फल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। अगली कड़ी में जैन कालचक्र शो के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए हैं। अंतिम कार्यक्रम के तहत मेंटल हेल्थ डॉ. मलय जैन के तत्वावधान में शाम 7 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन बगीचा में रखा गया है। यह जानकारी भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति के संयोजक त्रिलोक बोहरा ने दी।

### सम्राट अशोक की जयंती आज

**राजनांदगांव।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बौद्ध कल्याण समिति के तत्वावधान में देवनाप्रिय सम्राट अशोक की जयंती का आयोजन 18 अप्रैल को किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखर वक्ता लक्ष्मण यादव होंगे। यह जानकारी बौद्ध कल्याण समिति ने दी।

### आज डोंगरगांव विस में यादव करेंगे जनसंपर्क



**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव कल गुरुवार को डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम तुमड़ीबोड़, मारगांव एवं आसरा में आयोजित महतारी वंदन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क करेंगे।

लोकसभा आम निर्माचन 2024 में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने के अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से आज इस क्षेत्र में पहुंचकर मधुसूदन यादव संपर्क करेंगे और महतारी वंदन कार्यक्रम के माध्यम से जुड़कर भाजपा के पक्ष में मतदाताओं को रिझाने और मतदान करने अपील करेंगे। श्री यादव के साथ डोंगरगांव क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी, डोंगरगॉव मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, भाजपा नेता राजेन्द्र जैन एवं डोंगरगॉव क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व सांसद मधुसूदन एवं साथीगण दोपहर 12 बजे ग्राम तुमड़ीबोड़, दोपहर 2 बजे ग्राम मारगांव एवं शाम 4 बजे ग्राम आसरा में उपस्थित रहकर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और स्थानीय नागरिकों से जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु अपील करेंगे। तत्पश्चात देर शाम वरिष्ठ भाजपा नेता मधसूदन डोंगरगांव विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात कर चुनावी प्रचार-प्रसार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए आह्वान कर रही महिलाएं

# 15 हजार से अधिक महिलाओं ने ली मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मतदाताओं को जागरूक करने बिहान समूह की महिलाओं ने डोंगरगढ़ में कलश यात्रा निकाली। बिहान समूह की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान कर लोकतंत्र में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने नागरिकों का आह्वान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने कार्य योजना बनाकर लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव में ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने शपथ ग्रहण, रैली, मानव श्रृंखला, कलश यात्रा, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, खेलकूद, नारा लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन में वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का वोट वचन का शपथ ले रही है। महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के अधिकार तथा मतदान का उपयोग करने के संबंध में ग्रामीणों को प्रेरित और शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

#### निरंतर दिला रही शपथ

जिले में स्वसहायता समूह की महिलाएं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में विगत 7 दिवस में ग्राम बागनदी, मोहला, भर्रीटोला, देवरसूर, कुदुम्कासा, जोबटोला, देवकट्टा, रूवाताला, मुसराकला, रामगढ़, आमाटोला, हाथीकन्हार, सांकरदाहरा, उसरीबोड़, मार्कनपुर सहित 89 से अधिक ग्रामों में लगभग 15 हजार से अधिक स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम संगठन स्तर पर वोट वचन का शपथ लिया गया और शपथ लेने का कार्य निरंतर जारी है।

## अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं ने किया मतदान

### जिले में 53 डाक मतपत्र प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया था।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 53 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र में विशेष संवाहक द्वारा 47 डाक मतपत्र एवं डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी) 6 है। इसी तरह 22, 23 एवं 24 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे।

## चार करोड़ पीएम आवास बनाने का भाजपाइयों का दावा झूठा : कांग्रेस



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं दुर्ग संभाग मीडिया प्रभारी धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा मोदी की फोटो लगाकर पोस्टर और विज्ञापन में 4 करोड़ आवास देने का जो दावा कर रही है, वह सरासर झूठा है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2 करोड़ 95 लाख के करीब आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उसमें से 2 करोड़ 94 लाख 68 हजार 272 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसमें से मात्र 2 करोड़ 55 लाख 17 हजार 812 आवास ही पूर्ण हो पाए हैं। आज भी 39 लाख 50 हजार 460 आवास नहीं बन पाए हैं, फिर भाजपा बताएं कि 4 करोड़ आवास मोदी सरकार ने कहां बनाया है? भाजपा के 4 करोड़ मकान बनाने के विज्ञापन से प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी गड़बड़ी और घोटाला की आशंका सामने आ रही है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को 18 लाख आवास बनाकर देने का वादा किया था। अपनी केबिनेट की पहली बैठक का निर्णय पर अमल नहीं कर सकी है छग सरकार, क्योंकि 18 लाख आवास को मोदी सरकार ने स्वीकृति प्रदान नहीं की। 2011 के जनगणना के अनुसार प्रदेश के 18 लाख से अधिक हितग्राहियों को लाभ मिलना था, लेकिन मात्र 11 लाख 76 लाख 142 स्वीकृत किए। जिसमें कांग्रेस की सरकार ने 9 लाख 63 हजार 936 आवास बनाकर हितग्राहियों को दे दिए हैं और शेष आवास का काम निर्माणाधीन है। केंद्र सरकार द्वारा जारी राज्यवार प्रधानमंत्री आवास की आंकड़े जारी कर भाजपा को आईना दिखाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का गृह राज्य गुजरात में प्रधानमंत्री आवास के 603922 स्वीकृत आवास में से 92167 से अधिक आवासों का निर्माण नहीं हुआ हैं एवं अरूणाचल प्रदेश पूर्ण आवास 28420, असम पूर्ण आवास 17,73,299, बिहार पूर्ण आवास 36,45,255, छत्तीसगढ़ पूर्ण आवास 9,63,936, गोवा पूर्ण आवास 226, गुजरात पूर्ण आवास 5,11,547, हरियाणा पूर्ण आवास 28278, हिमाचल प्रदेश पूर्ण आवास 15,021, जम्मू और कश्मीर पूर्ण आवास 2,03,640, झारखंड पूर्ण आवास 15,58,228, केरल पूर्ण आवास 32,830, मध्यप्रदेश पूर्ण आवास 36,39,617, महाराष्ट्र पूर्ण आवास 12,12,732, मणिपुर पूर्ण आवास 30,486, मेघालय पूर्ण आवास 46,121, मिजोरम पूर्ण आवास 9,267, नागालैंड पूर्ण आवास 9,518, ओडिशा पूर्ण आवास 20,23,355, पंजाब पूर्ण आवास 35,986, राजस्थान पूर्ण आवास 16,82,177, सिक्किम पूर्ण आवास 1,275, तमिलनाडु पूर्ण आवास 5,94,787, त्रिपुरा पूर्ण आवास 3,27,647, उत्तर प्रदेश पूर्ण आवास 34,87,645, उत्तराखंड पूर्ण आवास 48,179, पश्चिम बंगाल पूर्ण आवास 34,10,965, अंडमान निकोबार पूर्ण आवास 1,225 दादरा और नगर हवेली दमन और दीव पूर्ण आवास 3,823 लक्षद्वीप पूर्ण आवास 45, आंध्र प्रदेश पूर्ण आवास 67,479, कर्नाटक पूर्ण आवास 1,21,940, लद्दाख पूर्ण आवास 2,863 ही बना है। जिसका कुल योग 2,55,17,812 हैं। ऐसे में 4 करोड़ आवास बनाने का दावा जनता को धोखा देना है।

## भारत में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता : संतोष

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव गली-गली घूमकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के अवसर पर संसदीय क्षेत्र की जनता को रामनवमी राम जन्मोत्सव की बधाई देते कहा कि पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता में है। आज अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद वह शुभ दिन आया है, जब भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में पहला जन्मोत्सव मनाया गया।

श्री पांडे ने कहा कि सदियों बाद आज रामनवमी को अभिजीत मुहूर्त में श्री रामलला का राजोपचार पूजन हुआ। आज तड़के ही उतिष्ठ राघवम् कहकर रामलला को जगाया गया, चांदी-सोने के रथ, हाथी-घोड़े, अस्त्र-शस्त्र उन्हें समर्पित किया गया। वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच नृत्य व गीत हुआ। वेदों-पुराणों का पाठ हुआ, भगवान के जन्मोत्सव के पश्चात चार वेदों की सभी शाखाओं का पाठ सुनाया गया। सोने-चांदी के बर्तनों में 106 प्रकार के भोग अर्पित हुए। श्री पांडे ने आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करमतरा, किरगी, बड़गांव, चारभाठा, खुज्जी, मनेरी, दीवानभेड़ी, मारगांव, मचानपार, बोदेला, आरगांव, बाकल, रामपुर, घोरदा, अर्जुनी में जनसंपर्क करते चुनावी सभा को संबोधित किया।



#### झीरम घाटी की सच्चाई जनता को बताएं बघेल : पारख



भाजपा लोकसभा चुनाव सह-समन्वयक खूबचंद पारख ने सिपाहियों द्वारा कांकेर में 29 नक्सलियों को मार गिराए जाने पर सुरक्षा बलों की कामयाबी पर शुभकामनाएं देते कहा कि भाजपा सरकार की सभी नीतियां स्पष्ट रहती है। नक्सलवाद का खात्मा करना भाजपा की स्पष्ट नीति का शुरू से ही अंग रहा है। श्री पारख ने कहा कि कांकेर में सुरक्षा बलों के साथ लगातार 5 घंटे चली मुठभेड़ में नक्सली लीडर शंकर राव सहित दो और ईनामी नक्सली मारे गए, जिस पर कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह फर्जी मुठभेड़ है। भूपेश के इस बयान पर कड़ी आपत्ति करते पारख ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पूर्व में इसी तरह के विरोधाभासी बयान सामने आए थे, परंतु बाद में उन्होंने फिर से बयान बदलकर यू-टर्न ले लिया। पारख ने कहा कि कांग्रेसियों को पहले घटना की गंभीरता पर विचार कर लेना चाहिए, तब बयान देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल इस मामले में नए नेता नहीं है, इसलिए ऐसी बचकाना बयान की उम्मीद उनसे नहीं की जा सकती।

## फिर पकड़ाया 7 लाख का क्रिकेट सट्टा, आरोपी गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़ छुईखदान गंडई के पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के नेतृत्व में ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट सट्टा पर लगातार कार्रवाई करने से सट्टा खाईवालों में भय व्याप्त है। इसी कड़ी मे पुलिस ने कार्यवाही करते हुए लगभग 7 लाख की सट्टा पट्टी, नगदी सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब तक विभिन्न प्रकरणों में 17 लाख की सट्टा पट्टी, नगदी के साथ छह आरोपी गिरफ्तार में आ चुके हैं।

पुलिस की प्रभावी कार्यवाही से अपराधियों के हौसले पस्त हो गए है। कुछ खाईवाल नगर छोड़ने मजबूर हो गए हैं। पुलिस के साइबर सेल एवं छुईखदान पुलिस की सयुंक्त कार्यवाही से अपराधियों के हौसले पस्त हो गए है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं एएसपी नेहा पांडेय एवं एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों सहित साइबर सेल को अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही की जा रही है। गत 12 अप्रैल को साइबर सेल को सूचना मिली कि कंडरापारा में एक व्यक्ति मोबाईल फोन से ऑनलाईन सट्टा का संचालन कर रहा है। साइबर सेल तथा छुईखदान पुलिस कीटीम ने मौके पर पहुंचकर चिन्हांकित व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रूपेश महोबिया निवासी वार्ड 2 बताया। वह अपने मोबाईल फोन से आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिला रहा था। अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ करने पर उसने लालचंद देवागन के नाम का खुलासा किया। रूपेश के बताए अनुसार लालचंद देवागन को वार्ड 12 टिकरीपारा को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। दोनो आरोपियों के कब्जे से 7 लाख का ऑनलाईन सटटा -पटटी का स्क्रीनशॉट, विभिन्न कम्पनियों के 2 नग मोबाईल फोन कीमत करीब 20 हजार, नगदी 10 हजार 950 रूपए जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा, टैलेश सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, चन्द्रविजय सिंह, त्रिभुवन यदु, जयपाल कैवर्त, कमलकांत साहू, सत्यनारायण की भूमिका रही।



### भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी का भूपेश को समर्थन

**राजनांदगांव।** भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी सदैव देश में अमन चैन, शांति एवं सद्भाव, परस्पर प्रेम, भाईचारे, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद तथा संविधान की हिफाजत का पक्षधर रही है, ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार भूपेश बघेल का समर्थन किया। अपने तमाम कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों तथा नागरिकों से अपील करती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर भूपेश बघेल को विजयी बनाएं।




## मोदी की गारंटी से देशवासियों में उम्मीद जगी है



**राजनांदगांव।** उदयाचल भवन में गत दिनों व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 32 संगठनों के प्रमुख व्यापारी शामिल हुए। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण और ईमानदारी से उसका क्रियान्वयन करने पर व्यापारी सदैव ही सजग और सक्रिय रहा है।

मोदी की गारंटी विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही है, इसके पीछे मोदी का 10 वर्षों का अथक परिश्रम है। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में लघु एवं मध्यम व्यापार को बढ़ावा देने मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करेगी। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में व्यापारी जगत का बड़ा योगदान है। मोदी ने मेक इन इंडिया एवं लोकल फॉर वोकल का नारा देकर भारतीय व्यापारियों के लिए सुगम व्यापार के बाजार खोलने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि आने वाला भविष्य भारत का है, अब चीन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पाकिस्तान कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। अब विश्व की सभी बड़ी कंपनियां भारत आने उत्सुक हैं, इसलिए भारत के व्यापारी निडर होकर अपना व्यापार कर सकते हैं। अभिषेक ने 26 अप्रैल को देश में फिर से मजबूत सरकार बनाने शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान किया।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार व्यापार सम्मेलन के शुभारंभ में स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष राजा माखीजा ने दिया। तत्पश्चात चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय भसीन ने कहा कि मोदी को मजबूत करने के अभियान में सर्वाधिक सक्रिय भूमिका व्यापारी वर्ग की रहती है। व्यापारी ही ऐसा व्यक्ति है, जो सर्व समाज की चिंता और लेनदेन में पारदर्शिता अपनाते समाज और देश की चिंता करता है। सम्मेलन को व्यापारी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, लाभचंद बाफना ने भी संबोधित किया।

सम्मेलन का संचालन राजकुमार बाफना एवं आभार प्रदर्शन उत्तम गिडिया ने किया। सम्मेलन को मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा, भरत वर्मा, नीलू शर्मा, पुखराज बाफना, मनोज बैद, आलोक बिंदल एवं जैनम बैद ने भी संबोधित किया।

## रोजा रखकर की पदयात्रियों की सेवा



**राजनांदगांव।** नवरात्रि में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा मुस्लिम भाईयों ने रोजा रखकर की। रमजान के महीने में टेकाहरदी के एबीस ग्रुप के पंडाल में आपसी भाईचारे का संदेश लिए मुस्लिम धर्मावलंबी पदयात्रियों की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़े। चैत्र नवरात्रि में रमजान के पाक महीने की शुरूआत एक बड़ा संयोग रहा।

मां के दरबार में माथा टेकने के लिए पैदल निकले श्रद्धालुओं को ग्रुप के जरिये स्वादिष्ट व्यंजन, पोहा, चाय, नाश्ता परोसे जा रहे हैं। निदेशक अंजुम अल्वी ने बताया कि विगत 40 साल से रायपुर नाका के पास पदयात्रियों के लिए यह पंडाल लगाया जा रहा है। चेयरमैन सुल्तान अली, एमडी बहादुर अली द्वारा मटकों में शीतल जल व शरबत के साथ फलों का इंतजाम किया जाता रहा है। अब लगातार 20 वर्षों से दोनों नवरात्रि में टेकाहरदी में भव्य पंडाल लगाकर पदयात्रियों की सेवा की जा रही है। इस पवित्र सेवा में शेख ग्यासुद्दीन, शेख नवाबुद्दीन, अकरम खान, मजहर खान, फिरोज भाई, शकीर सिद्धिकी आदि मुस्लिम भाईयों का सहयोग रहा।



जनसंपर्क : तीन करोड़ लोगों को अगले पांच वर्षों में मिलेगा अपना पक्का मकान

# पीएम आवास से मिला गरीबों को पक्का छतः विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने पहुंचे कवर्धा विधायक व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महराजपुर, खैरबना, रौचन, समनापुर पहुंचकर जनता से भेंट मुलाकात के साथ सघन जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को विजय दिलाने के लिए लोगो से आव्हान किया। सभा मे विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आजादी के 55 साल बीत जाने के बाद भी न देश से गरीबी हटी और न ही लोगों को मूलभूत सुविधा मिला। प्रधानमंत्री ने देश के आधी आबादी 50 प्रतिशत महिला आबादी के पीड़ा को समझते हुए मूलभूत सुविधा उन तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा महिलाओं के बड़ी समस्या स्वछता और सम्मान का ख्याल रखते हुए ओडीएफ खुला शौचालय मुक्त भारत बनाकर महिलाओं के सम्मान के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया, वही 10 वर्षों में देश मे 4 करोड़ पक्के मकान बनाए गए तो करोड़ो लोगो को चूल्हे के धुएं से निजात दिलाते हुए उज्वला गैस घर-घर तक पहुंचा दिया, अब हर घर नल से जल की सेवा मूर्त रूप लेने लगी है। उन्होंने कहा देश की सुरक्षा के साथ-साथ नए विकसित भारत की कल्पना से भारत आगे बढ़ा इन सबके बीच देश के गरीब तबके तक मूलभूत सुविधा का सीधा लाभ उन तक पहुंचे ऐसी व्यवस्था की है। भारत को आगे बढ़ाने के लिए देश की जनता ने मन बना लिया है तीसरी बार फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना है। उन्होंने कहा देश को नई दशा और दिशा देने वाले इस यज्ञ में राजनांदगांव पीछे नही रहने वाला है, कवर्धा से भाजपा के सहज सरल प्रत्याशी संतोष पांडेय को भारी बहुमत से जिताकर कवर्धा भी मोदी के संकल्पना को साकार करने के लिए आहुति देगा। इस अवसर पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, ईश्वरी साहू, भाजपा भोरमदेव मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थें।



## उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी में दी रामनवमी की बधाई

श्री शर्मा ने श्रीराम नवमी के अवसर पर कवर्धा सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई देते हुए कहा भांचा राम के आज जन्मदिन हे अऊ भांचा के कतका मान अऊ सम्मान छत्तीसगढ़ियां मन कतका करथन एला सब झन जानथन। वही भांचा राम के मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा भी श्री मोदी के कार्यकाल में होईस हे। हमर भांचा भगवान राम अयोध्या म अपन भव्य मंदिर में विराजमान होईस हे वो 22 जनवरी के सुंदर दृश्य से मन भर जथे। भगवान राम के राम नवमी के बेरा सब झन ल बधाई।

# कोलेगांव में जोत जंवारा कलश विसर्जित, भक्तों की उमड़ी भीड़

- भक्तजनों ने नम आंखों से माता रानी को दी विदाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में जोत ज्वांरा कलश प्रज्जवलित किया गया। वहीं ग्रामीणों व भक्तजनों द्वारा माता रानी की नौ दिनों तक विधि विधान व विशेष पूजा अर्चना किया गया।

वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में श्रीराम नवमी पर जोत ज्वांरा ज्योति कलश विसर्जन बड़ी उत्साह के साथ सुबह 8 बजे मां महामाया मंदिर से निकलकर ब्राम्हण पारा से नगर भ्रमण करते हुए तालाब की ओर विसर्जन के लिए प्रस्थान किया, जिस पर ग्रामीणों व भक्तगण द्वारा नाम आंखों से माता रानी व जोत ज्वांरा ज्योति कलश को गली मोहल्ले व चौक चौराहों में पूजा अर्चनाकर व सुख समृद्धि व क्षेत्र की शुभकामना के साथ विदाई करते हुए तालाब तक रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की एक झलक पाने भक्तों व ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल के पांच विद्यार्थियों का नवोदय में चयन







**हरिभूमि कवर्धा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के अध्ययनरत पांच छात्र-छात्राओं का चयन नवोदय विद्यालय उड़ियाकला में कक्षा छठवीं के लिए चयन हुआ है। जिसमें चयनित विद्यार्थियों नैंसी रात्रे, खुमांशी साहू, आस्था बर्मन, प्रब्धि मेश्राम शामिल है। इसमें नैंसी रात्रे ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं तेजस गुप्ता का सैनिक स्कूल में भी चयन हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय का परिणाम आते ही छात्र-छात्राओं के साथ पालक गणों व छात्र छात्राओं सहित दिल्ली पब्लिक स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उत्साहित नजर आए। इन पांच विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर स्कूल प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया।

# केंद्र व राज्य सरकार की नल-जल योजना ठप, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

लोकसभा क्षेत्र कवर्धा अंतर्गत कुछ ग्रामों में पिछले पांच वर्षों से बिजली, पेयजल, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं कार्य आधे-अधूरे होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की अनदेखी व भारी लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों पर पड़ रहा है।

जिसमें शासन प्रशासन द्वारा नज जल योजना पूरी तरह से ठप पड़ है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं सें क्षेत्र पिछड़े हुए हैं, आज भी अंचल के दूरस्थ गांवों में प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन जैसी प्रमुख योजनाओं का लाभ पाने ग्रामीण गरीब परिवार बांट जो रहें है। इसके अलावा गांव में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों की साफ-सफाई नहीं हो पाई है वहीं जिन तालाबों की सापु सफाई की गई है उसमें जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों द्वारा सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आकड़ों पर गौर करें तो नल-जल मिशन के क्रियान्वयन का हाल ही में कवर्धा जिले में ठीक नहीं है। घर घर शुद्व पेयजल पहुंचाने के लिए गांव गांव में सैकड़ों पानी टंकी निर्माण कराया गया लेकिन शासन प्रशासन द्वारा करोड़ रुपए खर्च के बाद भी स्थिति जस के तस व योजनाओं के लाभ से वंचित नजर आ रहें है।

जबकि यह योजना केन्द्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना में से एक है, ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण कराया लेकिन घरों घर पाइप लाइन विस्तार करना भूल गए है। वहीं जहां पाइप लाइन बिछाई गई है वहां टंकी निर्माण करना विभागीय अधिकारी भूल गए है। अंचल क्षेत्र में ऐसे कई गांव हैं जहां पर घरों में पेयजल पहुंचाने के लिए कोशिश हुई है लेकिन नल जल योजना कारगर साबित नहीं हो पाई है।

### पेयजल की समस्या से जुझ रहें ग्रामीण

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में लोग हैंडपंप, कुंआ व पेयजल पानी पैसे से खरीदने मजबूर है। वहीं अंचल में प्राथमिक स्तर के बाद उच्च शिक्षा सुविधा नहीं होने से विद्यार्थी बीच मे पढ़ाई-लिखाई छोड़नी पड़ रही है या फिर दूर शहर में जाकर पढ़ाई पूरी करनी पड़ती है। लेकिन गरीब पालकों के बच्चों के लिए शहर जाकर पढ़ाई कर पाना ढेड़ी खीर साबित हो रही है।

# आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में नेटवर्क पर पड़ रहा असर



**हरिभूमि बरबसपुर।** इन दिनों एक दूर संचार कंपनी के उपभोक्ताओं को नेटवर्क की भारी समस्या से गुजरना पड़ रहा है, हाल ही में शुरू हुए आईपीएल मैच ने आम नागरिकों को नेटवर्क संकट में डाल दिया है। बता दें कि जैसे ही आईपीएल मैच प्रारंभ हुआ, तब से अधिकतर युवा अपने स्मार्टफोन में मैच का लुफ्त उठाना शुरू कर दिए है। जिसके चलते नेटवर्क धीमा हो गया है, खासकर उक्त कंपनी के दूरसंचार कंपनी के उपभोक्ताओं को नेटवर्क समस्या ने ज्यादा घेर रखा है। उपभोक्ता बताते है कि किसी के पास भी फोन करने पर या फोन आने पर आवाज कटने की समस्या आ रही है। इंटरनेट चालू करने पर वीडियो, फोटो, डाऊनलोड नही हो रहा है। ऐसे में नेटवर्क की समस्या लोगों की जीवन शैली पर पड़ने लगा है। आज के समय में युवा पीढ़ी व नौकरी पेशा वर्ग फोन में ही अपना मनोरंजन व आधे से ज्यादा काम का निदान फोन में ही करते है, लेकिन धीमे नेटवर्क की वजह से व्यवस्था से चरमरा गई है। कोई भी कंपनी सिम बेचने व उपभोक्ता बढ़ाने तक ही सीमित है, लेकिन सिम के लिहाज से टॉवर लगाने कोताही बरत रहे है। इसके चलते लोगों को नेटवर्क की समस्या से गुजरना पड़ता है। वहीं जिले के वनांचल क्षेत्र के गांवो के उपभोक्ता बताते है कि सालभर से नेटवर्क का यही रोना है। नेटवर्क के कारण ही सिम को दूसरे दूरसंचार कंपनी के सिम पोर्ट करा रहे है, लेकिन नतीजा वही की वही है। नेटवर्क व्यवस्था नही सुधरने से लोगों की जीवनशैली में प्रभाव पड़ने लगे है।

# सिंबल ऑफ नालेज, भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ बीआर अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानितः उमाशंकर कश्यप



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गोपाल किरण समाज सेवा संस्था के एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शोध सेमीनार भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ बीआर अम्बेडकर 133वीं जयंती के पूर्व संध्या के अवसर पर शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में देशभर के विभिन्न राज्यों जिसमें मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ समाज सेवी, साहित्यकारों, शिक्षाविद सहित कई प्रतिभाशाली का चयन किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र राजन गायकवाड़ सेवानिवृत्त केन्द्रीय जेल अधीक्षक, अनिता प्रभा मिंज उप पुलिस अधीक्षक बिलासपुर, डॉ एसएल निराला, जेपी वर्मा, डॉ गिरधारी अग्रवाल, पूर्व मजिस्ट्रेट प्रभाकर एवं प्रकाश निमराजे अध्यक्ष गोपाल किरण के कर कमलों से उमाशंकर कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता को सिंबल ऑफ नालेज, भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ बीआर अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। उमाशंकर कश्यप को पिछड़े वंचित समुदाय, शोषित, दिव्यांगजनों, बच्चों, आदिवासी, दलित, विशेष पिछड़ी जन-जाति, बैगा के बीच 10 वर्षों से संवेदनशील के साथ अनवरत समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

शासन प्रशासन के दिशा-निर्देशों में छात्राओं के अधिकार एवं उनके संरक्षण एवं देखभाल के क्षेत्र में चाईल्ड लाईन (1098) आपातकालीन 24 घंटे (365 दिन) मुंगेली एवं कबीरधाम जिले में 1650 से अधिक बच्चों को सहायता किया गया हैं, दिव्यांगजनों को समाज कल्याण विभाग के सहयोग से 1530 से अधिक लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूनिक आई बनवाने में सहयोग किया गया हैं, संस्थाओं के सहयोग से 05 लोगों को आर्थिक सहयोग देकर किराना दुकान, सायकल स्टोर के माध्यम आजीविका से जोड़ा गया हैं, उनके द्वारा 400 सौ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आजीविका एवं सशक्तिकरण जोड़ने का कार्य किया गया हैं, कोविंड-19 वैश्विक महामारी के दौरान 03 हजार से अधिक लोगों को रिसोर्स पर्सन के सहयोग से मास्क, सेनेटाइजर, साबुन का वितरण किया गया, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए 25 सौ से अधिक फलदार पौधा वृक्षारोपण हेतू वितरण-वृक्षारोपण किया गया।

वंचित समुदाय एवं पिछड़ी क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य सेवा, कोविंड 19 टीकाकरण एवं बच्चों को टीकाकरण कराने में सहयोग दिया, केन्द्र सरकार एवं राज्य के योजनाओं को जन जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से योजना को पहुंचाने का कार्य किया गया हैं। जिस पर उमाशंकर कश्यप की उपलब्धि के लिए देश के अलग-अलग राज्य एवं छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न समाज सेवी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# रामनवमी पर जगह-जगह प्रसाद व भोजन भण्डारा का वितरण



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र जिसमें पेंड्रीकला, कोलेगांव, भगतपुर, कंझेटा में श्रीराम नवमी पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। वहीं श्रीराम-जानकी मंदिर देवालय में विधि-विधान से पूजा-अर्चनाकर श्रीराम नवमी पर श्रीराम चंद्र के जय घोष के साथ चौंक चौराहों में जगह-जगह प्रसाद भंडारा का व्यवस्था किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में बड़े शिव मंदिर के समीप श्रीराम भगवान की ध्वज चौक में पं शिवानंद तिवारी, पं सागर तिवारी के मार्गदर्शन पर खीर-पूरी भोजन-प्रसाद भण्डारा का आयोजन किया। जिसमें मां कात्यायनी काली उत्सव समिति युवा हिन्दू समिति तथा हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक व संयोजक राजेंद्र पटेल, वागीश चंद्राकर, रघुराज चंद्राकर, रामचंद कश्यप, पुरन चंद्राकर, सागर कश्यप, बलराम चंद्राकर, जय चंद्राकर, विजय चंद्राकर सहित समस्त ग्रामवासी का विशेश योगदान रहा।

## जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव में डिकेश चंद्रवंशी रहे विजयी




**हरिभूमि कवर्धा।** भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल और साक्षरता विभाग के तत्वाधान में नोडल संस्था जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया खुर्द में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के शासकीय एवं अशासकीय 112 विद्यालय के 142 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में नगर के सर्वश्रेष्ठ सीबीएसई संस्था श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के छात्र डिकेश चन्द्रवंशी व दिव्या पाटले ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई एवं सभी को पीछे छोड़ते हुए छात्र डिकेश चन्द्रवंशी ने समूचे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में विद्यार्थियों का स्क्रिनिंग टेस्ट उपरांत शार्ट-लिस्ट पंद्रह वरियता प्राप्त छात्र-छात्राओं का लिखित, मौखिक, रचनात्मक व परिकल्पना आधारित गतिविधियों (निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण, कविता वाचन, चित्रकारी) के आधार पर निर्णायक मंडल विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं द्वारा अंतिम परिणाम जारी किया गया। विदित हो कि डिकेश चंद्रवंशी व दिव्या पाटले ने क्रमशः 35 एवं 36 अंक में प्रथम चरण को पार कर लिया था, उपरांत दूसरे चरण में छात्र डिकेश ने विकसित भारत 2047 इस विषय पर आधारित अपना व्याख्यान, कविता, निबंध एवं चित्रकारी की प्रस्तुति दी, जिसमें 200 अंकों में 160 अंकों को अर्जित करते हुए इन्होंने यह मुकाम हासिल किया। वहीं डिकेश चंद्रवंशी कक्षा दसवीं का छात्र जिसने भारत 2047 तक कैसे विश्वगुरू एवं सोने की चिड़िया कहलाने का गौरव हासिल करेगा, जैसे सारगर्भित विषय पर अपनी प्रस्तुति से सभी को भाव-विभोर करते हुए करतल ध्वनि के गुंजायमान हेतु सभागार को विवश कर दिया, उपस्थित सभी संस्था के शिक्षकों एवं निर्णायकों ने बच्चे की इस प्रतिभा की मुक्तकंठ प्रशंसा की। इस सफलता एवं उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर डॉ आदित्य चन्द्रवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने विकसित भारत विजन 2047 हेतु सभी को अपना प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष योगदान देने की बात कही। जिससे हमारा भारत पुनः एक नए उमंग एवं उत्साह के बल पर प्रगति की असीम ऊचाईयों को छू सके, साथ ही श्रीरामकृष्ण शिक्षण समिति एवं विद्यालय परिवार ने विजयी छात्र को बधाई व शुभकामनाएं दी।

छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, झुम उठे लोग

# अशोका पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा स्थित अशोका पब्लिक स्कूल में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ शासकीय पीजी कालेज के ऑडोटोरियम में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात छग स्टेट सांग के साथ की गई, तत्पश्चात वेलकम सॉन्ग गया, कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमे छत्तीसगढ़ गीत गौरा-गौरी, सुआ नृत्य एवं अन्य प्रदेशो के सांस्कृतिक नृत्य जैसे पंजाबी, मराठी, राजस्थानी, हरियाणा एवं अन्य प्रदेशों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हिंदी, देशभक्ति नृत्य एवं सांग डे साथ-साथ नवरात अवसर पर माता रानी, शिव तांडव, गौरा-गौरी एवं सबसे विशेष कार्यक्रम में कवर्धा में वर्षो से चली आ रही नवरात के अष्टमी में निकलने वाली खप्पर की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

जिससे देखकर समस्त कवर्धावासी के मन में अपार श्रद्धा भक्तिभाव से मन अत्यधिक हर्षोल्लाष से साराबोर हो गया। अशोका पब्लिक स्कूल नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं छात्र छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य अनुराग मिश्रा ने वर्ष 2023-24 में होने वाली समस्त गतिविधियों एवं उपलब्धियों का वर्णन करते हुए अशोका ग्रुप के प्रारंभ से अब तक प्राप्त की गई, उप्लब्धियों का वर्णन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत भाषण दिया।

तत्पश्चात अशोका ग्रुप के डारेक्टर पवन देवांगन द्वारा पिछले सत्र के विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं विशेष रूप से कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी बंजारे जिन्हे मुख्यमंत्री खेल अलंकरण पुरस्कार तथा कक्षा 2री की छात्रा प्रेरणा राजपूत जिन्होंने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य कि कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ बीएस चौहान, विशिष्ट अतिथि स्टॉफ सर्विस कमीशन के स्टेट को ऑर्डिनेटर मेजर उत्तम सिन्हा, पालक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, रामशरण चंद्रवंशी, राजीव केशरी, प्रमेंद्र चंदेल एवं अन्य अतिथिगण शामिल हुए।

उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था के डारेक्टर पवन देवांगन, डारेक्टर श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य अनुराग मिश्रा, श्रीमती अल्का चंद्राकर, उपप्राचार्य लोकनाथ देवांगन, एडमिन सागर नामदेव एवं स्कूल के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा एवं अभिभावकों गण उपस्थित थें।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**अग्नि दुर्घटना:** करीब पांच लाख का इलेक्ट्रानिक सामान व फर्नीचर आग में स्वाहा


# पोंड़ी के इलेक्ट्रानिक्स गोदाम में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लगातार बढ़ती तपिश में जारी अग्री दुर्घटनाओं के बीच बुधवार की सुबह जिले के ग्राम पोड़ी के एक इलेक्ट्रानिक गोदाम में भीषण आग लग गई। बताया जाता है कि इलेक्ट्रानिक गोदाम में चंद मिनटो में ही इतनी भीषण आग लगी कि गोदाम में रखे पंखा, कूलर, फर्नीचर, गद्दा आदि जलकर खाक हो गए। जिससे दुकान संचालक को बैठे बैठाए करीब पांच लाख का नुकसान उठाना पड़ गया। अभी तक अग्रि दुर्घटना का कारण पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 9.00 बजे पोंड़ी में उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय धनंजय इलेक्ट्रानिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स दुकान के ठीक पीछे उसे गोदाम में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि गोदाम से धुंआ और आग की लपटें देख दुकान संचालक धनंजय वर्मा तथा आसपास मौजूद लोग तत्काल गोदाम के पास पहुंचे लेकिन गौदाम में रखे सामानो में आग इतनी तेजी से फैली की उसने कुछ ही देर में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। इस बीच दमकल अमले को सूचना दी गई और लोगों ने भी अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास किए लेकिन आग भीषण होने के कारण उन्हें कोई सफलता नहीं मिल पाई और जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंचती आग ने अपना काम कर दिया था। दुकान व गोदाम संचालक धनंजय वर्मा ने बताया कि दुकान में कूलर, पंखा, गद्दा, फर्चीचर, पेटी सहित अन्य करीब पांच लाख का सामान रखा था जो नष्ट हो गया।

### गोदाम की छत में बिछाए गए थे गन्ना के छिलके





बताया जाता है कि गोदाम संचालक द्वारा गर्मी के इन दिनो में गोदाम में ठंडकता बनाए रखने के लिए कच्चे गोदाम की छत में गन्ना के छिलके बिछा रखे थे। जिनमें आग इस कदर भड़की की उसने चंद मिनटों में ही पूरे गोदाम को अपने चपेट में ले लिया और गोदाम में रखा पूरा सामान नष्ट हो गया। हालांकि अभी तक आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। लेकिन पोंड़ी पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने प्रारंभिक पड़ताल के बाद आशंका जताई है कि गोदाम आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। बहरहाल इसकी जांच की जा रही है।




# कांग्रेस नेता की कार में तोड़फोड़ व चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- बारदात में प्रयुक्त मोटर सायकल व 18500 की नगदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी के घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने तथा कार में रखी 25000 रूपए की नगदी रकम पार करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से बारदात में प्रयुक्त एक मोटर सायकल तथा 18500 रूपए नगदी जप्त किए हैं। गिरफ्त में आए तीनो आरोपियों के विरूद्ध धारा 379, 427 के तहत कार्यवाही की गई है। वहीं एक आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी पिता स्व. अशोक केशरवानी आयु 33 वर्ष निवासी शंकर नगर वार्ड क्रमांक 8 कवर्धा की घर के बाहर खड़ी कार में अज्ञात लोगों ने उस समय तोड़फोड़ की थी और नगदी रकम 25000 हजार रूपए पार कर दी थी जब वे 15 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 12.30 बजे अपनी कार क्रमांक सीजी-09-जेसी-4128 से राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ग्राम पलानसरी चुनावी दौरा कार्यक्रम से घर लौटे थे और कार को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर आराम कर रहे थे। इसी दौरान रात करीब 2.38 बजे उन्हें घर के बाहर शीशा टूटने की आवाज आई और उनकी नींद खुल गई। श्री केशरवानी के मुताबिक जब वे किसी अनहोनी की आशंका के चलते बाहर निकले तो उनकी कार के तीन दरवाजों का लॉक टूट हुआ था और कार का कांच भी टूटा पड़ा था कार के अंद एक पत्थर भी पड़ा था जिससे कार के शीशे और लॉक को तोड़ा गया था। वहीं कार से एक बैग भी गायब था जिसमें पच्चीस हजार रूपए रखे थे। घटना के दूसरे दिन श्री केशरवानी ने कवर्धा कोतवाली पहुंचकर इस मामले की रपट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक उसने सीसी टीबी फुटेज के आधार पर बारदात को अंजाम देने वाले सूरज साहू तथा अभिषेक वर्मा तथा उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से बारदात में प्रयुक्त एक मोटर सायकल तथा 18500 रूपए नगदी जप्त किए हैं।

## खबर संक्षेप

### जिले के 50 प्रतिशत बूथों में होगी वेबकास्टिंग

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के कुल 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की जाएगी। दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 402 मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग होगी। पंडरिया विधानसभा में 197 व कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र शामिल हैं। जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान दिवस से पहले मतदान केन्द्रों में तीन बार वेबकास्टिंग की टेस्टिंग की जाएगी। मतदान के दो दिन पूर्व लगातार वेबकास्टिंग जारी रहेगी। चयनित प्रत्येक मतदान केंद्र में अंदर व बाहर दो-दो कैमरे लगाए जाएंगे।


### सक्षम एप से अब दिव्यांग वोटर्स को मिलेगी सुविधा

**कवर्धा।** लोकसभा चुनाव में सभी वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांगों के लिए मतदान अधिकार के उपयोग को आसान व सुविधाजनक बनाने सक्षम एप विकसित किया है। यह मोबाइल एप का उपयोग चुनाव के संबंध में दिव्यांगों से संबंधित विभिन्न मतदाता-केंद्रित सेवा का लाभ उठाने के लिए किया जा सकता है। इस एप का इंटरफेस दिव्यांगों की जरूरत को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से दिव्यांग मतदाता न केवल मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं बल्कि अन्य सेवा के अलावा मतदान केन्द्र तक व्हीलचेयर की पहुंच के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य वर्ग के मतदाताओं को मतदान के दौरान सुविधाएं उपलब्ध कराने तैयारियां की जा रही है।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया रामजन्मोत्व

## श्री जानकी रमण प्रभुदेवालय भव्य आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भए प्रकट गोपाला, दीन दयाला की स्तुति और घंटा घडिड़ाल, शंख ध्वनि और नंगाड़े के साथ बुधवार की दोपहर नगर के श्री जानकी रमण प्रभुदेवालय, रामजानकी मंदिर, मेकरी मंदिर, मठ मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर सहित अन्य देवालयों में भगवान रामजी का जन्मोत्सव मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर श्री जानकी रमण प्रभुदेवालय कचहरी पारा में भव्य आयोजन किया गया।

शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया रामनवमीं पर सुबह से प्रभु श्री जानकी रमण प्रभुदेवालय कचहरी पारा में सनातनी हिन्दू भक्तों का आगमन प्रारम्भ हो गया था। प्रातः 11.02 बजे मंदिर के प्रमुख पुजारी आचार्य अखिलेश शुक्ला एवं अनुराग शुक्ला द्वारा मंत्रोच्चार के साथ रामलला का विशेष अभिषेक कर स्वर्णजड़ित वस्त्रों, रत्नों के हार माला व स्वर्ण के मुकुट से सम्पूर्ण श्रृंगार कर प्रभु श्रीराम को अति प्रिय भोग मालपुआ व पंजरी का विशेष भोग लगाकर आरती की गई। प्रभु श्रीराम के आगमन पर उनकी एक झलक पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।

वही आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में खड़े भक्तों ने एक-एक कर दर्शन लाभ लिया और इस दिव्य अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर प्रभु से मनवांछित फल की कामना की और आशीर्वाद लिया। राम नवमी पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर के अंदर भजन कीर्तन की धुन पर सब झूमते दिखे व जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इसी प्रकार नगर के अन्य देवालयों में भी रामजन्मोत्सव की धूम रही।

### भगवान के प्रकट होते ही माताओं ने गाएं बधाई गीत, भक्तों में दिखा भारी उत्साह

प्रभु श्रीराम के प्राकट्य होते ही भजन मंडली की माताओं द्वारा ढोल मंजीरे के साथ संकीर्तन करते हुए बधाई गीत गाकर प्रभु श्रीराम का स्वागत किया गया और अपनी श्रद्धा व आस्था प्रकट की। श्रीराम के प्रकाट्य उत्सव को दुगना करने ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा भक्तों के लिए भरपूर मात्रा में मालपुआ, पंजरी व खीर का व्यवस्था की गई थी। वही बनियापारा के युवक मंडल द्वारा दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय, ट्रस्टी अतुल देशलहरा, उमंग पांडे, गिरिराजदास वैष्णव, सतीश जैन, हरि विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, गुड्डू हलवाई, सुरेश मोदी, ज्ञानचंद लुनिया, पवन मिश्रा, धनराज उपाध्याय, रामकृपेश्वर उपाध्याय, रेखा पांडे, मधु तिवारी, स्मृति उपाध्याय, रत्ना उपाध्याय, संतोष चौबे, संतोष सोनी, दुर्गेश पांडे सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# न आंधी न तूफान, सड़क पर गिर गया पेड़

- मंटो जाम रहा मोहगांव-कुण्डा-फास्टरपुर मार्ग, बाल-बाल बचा मोटर सायकल सवार ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

इन दिनो अंचल में न तो बेमौसम बारिश हो रही है और न ही आंधी तुफान अथवा तेज हवा देखने को मिल रहा है।

मौसम बेहद सख्त और भीषण तपिश का है बावजूद इसके बुधवार को मोहगांव-कुण्डा-फास्टरपुर मुख्य मार्ग में अचानक एक विशालकाय पीपल का पेड़ धराशाही हो गया। जिससे दर्जनो गांवों व शहरों को जोडऩे वाला यह चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला मार्ग घंटों के लिए जाम हो गया। बताया जाता है कि अचानक गिरे इस विशालकाय पेड़ की चपेट में आने से मार्ग से गुजर रहा एक मोटर सायकल सवार बाल-बाल बच गया।

प्राप्त जानकारी के बुधवार की दोपहर करीब 3.00 बजे मोहगांव-कुण्डा-फास्टरपुर मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम प्रतापपुर के पास सड़क किनारे लगा गए विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक धराशाही होकर सड़क पर कुछ इस तरह से गिरा की पूरी की पूरी सड़क ही बंद हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह घटना अचानक हुई, मार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों को इसका जरा भी आभास नहीं था का कि ऐसा भी हो सकता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के वक्त कुछ वाहन चालक मार्ग के दोनों और सुरक्षित दूरी पर थे लेकिन एक मोटर सायकल सवार बिलकुल पेड़ से चंद कदमो की दूरी पर था और वह पेड़ को क्रास करने ही वाला था कि उसी समय पेड़ सड़क पर गिर गया और मोटर सायकल चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया।

मार्ग में इतनी भी गुंजाईश नहीं रही की छोटे मोटे वाहन भी गुजर पाएं। जिसके चलते इसकी जानकारी तत्काल प्रशासन को दी गई। लेकिन प्रशासन के अमले को मौके पर पहुंचने और पेड़ को मार्ग से काट कर हटाने में घंटों का समय लग गया और तब तक मार्ग में आवागमन बंद रहा।



## बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का मतदान कार्य संपन्न, छूटे हुए आज देंगे वोट

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के मुताबिक कबीरधाम जिले के पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के चालीस प्रतिशत से उपर दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग दिव्यांग मतदाताओं का मतदान दल के द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराया गया। आयोग के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय के निर्देश पर दोनो विधानसभा के 166 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं के लिए 21 रूट में मतदान दल रवाना किया गया था। 15 और 16 अप्रैल को 159 दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 07 मतदाताओं ने मतदान नहीं कर पाएं। अनुपस्थित मतदाताओं को मतदान के लिए सूचना दी गई है। 18 अप्रैल को अनुपस्थित मतदाताओं को पुनः मतदान कराया जाएगा। दोनो विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान दल मतदान कराकर सकुशल लौट आएं है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया में कुल 36 मतदाता है, इसमें 85 वर्ष से अधिक 29 और 07 दिव्यांग मतदाता शामिल है। डाक मतपत्र के माध्यम से 15 और 16 अप्रैल को कुल 34 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के लिए 02 मतदाता मतदान के लिए शेष बचे हुए है। शेष मतदाताओं को मतदान के लिए सूचना दी गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा में कुल 130 मतदाता है, इसमें 85 वर्ष से अधिक 91 और 39 दिव्यांग मतदाता शामिल है। डाक मतपत्र के माध्यम से 15 और 16 अप्रैल को कुल 125 मतदाताओं ने मतदान किया।

## सकल राजस्थानी समाज ने गणगौर त्योहार हर्षोल्लास से मनाया

**कवर्धा।** नगर के सकल राजस्थानी समाज की महिलाओं एवं किशोरियों ने गत दिनों माता पार्वती को समर्पित 16 दिवसीय गणगौर त्योहार मनाया। इस अवसर पर एक शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें राजस्थानी समाज के परिवारों ने पारंपरिक पोशाक में शामिल होकर चार चांद लगा दिए। ज्ञात हो कि गणगौर राजस्थान की सभी जातियों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है, जिसकी शुरुआत होली के दूसरे दिन से होती है। इस त्योहार के प्रथम 8 दिनों में माता पार्वती को पीण्डी रूप में पूजा जाता है। नवें दिन इसरजी के रूप में भगवान महादेव एवं गौरादे के रूप में माता पार्वती की मूर्तियां स्थापित कर सामुदायिक रूप से पूजा की जाती है। लोक परंपराओं के अनुसार गौरादे से प्रार्थना कर किशोरियां संस्कारी सुयोग्य वर पाने एवं महिलाएं अमर सुहाग एवं खुशहाल दाम्पत्य की कामना करती हैं। इस पर्व पर सभी परिवारों द्वारा जवारा बोया जाता है। नवरात्रि की तृतीय तिथि को इसरजी और गौरादे का विवाह संपन्न कराया जाता है, जिसमें सभी वैवाहिक कार्यक्रम सगाई, मेहंदी, हल्दी आदि पूरे विधि विधान से अंतिम 8 दिनों में किए जाते हैं। इस अनूठी रस्म के तहत सभी परिवारों को भोज हेतु आमंत्रित किया जाता है, जिसे बंदोला कहा जाता है। बंदोला के तहत गणगौर का स्वागत किया जाता है एवं मंगल गीत गाए जाते हैं। इस पर्व को लेकर सकल रास्थानी समाज के लोगों और विशेषकर महिलाओं व युवतियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

**रामनवमी पर प्रभु श्री राम का वार्या सिटी में भव्य आगमन**

# शंकराचार्य के शिष्य ने बनवाया भव्य राम मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭खैरागढ़

अयोध्या में 500 वर्ष बाद ऐसा शुभ अवसर आया जब, जब प्रभु श्रीराम स्वयं अपने जन्म स्थान पर सूर्याभिषेक किए। यह हर हिन्दू सनातनी के लिए आलौकिक छड़ हैं इसे यादगार बनाने के लिए सम्पूर्ण भारत में सनातनियों द्वारा हर अलग स्थानों में धार्मिक आयोजन अनुष्ठान को संपन्न किया गया। श्री रामलला के प्राकट्य अवसर (रामनवमी) पर खैरागढ़ के वार्या सिटी में प्रभु श्रीराम का दिव्य आगमन हुआ। वही राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से संपन्न हुई।





### शंकराचार्य की मंशा के अनुरूप मंदिर का निर्माण

परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '1008' महाराज के कृपा पात्र शिष्य विकास वार्या खैरागढ़ के प्रतिष्ठित बिल्डर हैं, जिन्होंने बताया वार्या सिटी कॉलोंनी में राम मंदिर बनवाने की ईच्छा थी। वही, गुरुदेव शंकराचार्य जी से महाराज मार्गदर्शन व प्रेरणा लेकर एक वर्ष पूर्व मंदिर निर्माण की नींव रखा था और एक वर्ष के बाद मंदिर निर्माण होकर तैयार हो गया। प्रभु श्रीराम दरबार की मूर्ति विशेष कारीगरों द्वारा राजस्थान के मकराना में बनवाया गया था। उत्तरप्रदेश काशी से आए पांच विद्वानों द्वारा सप्तमी से मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया जो कि रामनवमी पर संपन्न हुआ। विकास वार्या ने बताया कि यह मंदिर वार्या सिटी निवासियों सहित सभी सनातनियों के दर्शन और पूजन के लिए खुला रहेगा।

### जय श्री राम के लगे नारे

रामनवमी पर विशेष पूजा होने के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने श्रीराम के दर्शन किए और जय श्री राम के नारे लगाए। वही श्रीराम को विशेष भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद सभी सनातनियों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।पुलिस ने अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने का काम किया है।

# नवमी पर श्रद्धा भक्ति के साथ किए गए ज्योत जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा सहित अंचल में जहां मंगलवार को महाअष्टमी महाअष्टमी के हवन पश्चात बुधवार की सुबह से ही ज्योति जवांरा विसर्जन का क्रम प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ मां के ज्योत विसर्जित किए। बुधवार को नगर के मां महामाया, मां दुर्गा, मां सतबहिनिया एवं मां विन्ध्वासिनी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों के ज्योत विसर्जित किए गए। जिसमें मां की शक्ति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिली। ज्योत ज्वांरा विसर्जन के दौरान कई भक्तों को भाव भी आए जिन्हें पण्डों द्वारा हूमधूप देकर शांत किया गया। मंदिर समीतियों द्वारा बकादा शोभायात्रा निकालकर ज्योत ज्वारों को बाजे-गाजे के साथ विसर्जन के लिए स्थानीय जलाशायों तक ले जाया गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए और पूजा पाठ की। इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों की बात की जाय तो पिपरिया, कुण्डा, पाण्डातराई, बोड़ला, स. लोहारा, पंडरिया आदि स्थानों में भी नवमी के रोज स्थानीय शक्ति पीठों और देवी मंदिरों से ज्योत ज्वांरा की गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई और स्थानीय जल स्त्रोतों में उनका विधिवत पूजा अर्चना के बाद विसर्जन किया गया। इस अवसर बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां अपने सिर पर ज्योत ज्वांरा अपने सिर पर धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुई।

